## खबर संक्षेप



### चितहरा बीट में करंट की चपेट में आने से नील गाय की मौत, जांच में जुटा डॉग स्क्वायड

**सतना।** मझगवां वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चितहरा बीट के चौरेही गांव में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहाँ खेत की रखवाली के लिए लगाए गए बिजली के तारों (झटका मशीन) की चपेट में आने से एक नीलगाय (रोझ) की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम ने सक्रियता दिखाते हुए घटनास्थल का मुआयना किया। विभाग ने नीलगाय के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वायड की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है,जो शिकार या लापरवाही के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। खेतों में फसलों की सुरक्षा के लिए लगाए जाने वाले घातक करंट के तार बेजुबान जानवरों के लिए काल बन रहे हैं। वन विभाग अब इस बात की जांच कर रहा है कि यह सुरक्षा नियमों के दायरे में थी या अवैध।

### ग्रामोदय विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



**सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने ध्वजारोहण कर 'ग्रामोदय से राष्ट्रोदय' का मंत्र दिया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के 150 से अधिक विद्यार्थियों ने लोक सेवा आयोग और बैंकिंग जैसे क्षेत्रों में सफलता पाई है। समारोह में ड्रोन से फ्लैग होस्टिंग और बुंदेली लोकगीतों ने समां बांध दिया। प्रो.चौबे ने शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन पर जोर देते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो.आर.सी. त्रिपाठी सहित वरिष्ठ संकाय सदस्य व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# विंध्य क्षेत्र में गणतंत्र दिवस की धूम: सतना और मैहर में हर्षोल्लास के साथ फहराया गया तिरंगा







सतना/मैहर। विंध्य क्षेत्र के सतना और नवगठित मैहर जिले में 77वां गणतंत्र दिवस अत्यधिक उमंग, उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। मुख्य समारोहों में जहां एक ओर विकास की झांकियां दिखीं,वहीं दूसरी ओर स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सबका मन मोह लिया।

### पुलिस परेड ग्राउंड में राज्यमंत्री ने ली सलामी

सतना के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह की मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी रहीं। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और खुली जिप्सी में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के साथ परेड का निरीक्षण किया। राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के जनता के नाम संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों,कारगिल शहीदों के परिजनों,लोकतंत्र सेनानियों और देहदान/अंगदान करने वाले परिवारों को शाल-श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। समारोह के पश्चात राज्यमंत्री ने जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों और नवजात शिशुओं की माताओं को फल वितरित किए और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### मैहर में अलाउद्दीन खां स्टेडियम में कलेक्टर ने फहराया ध्वज

मैहर जिला मुख्यालय पर आयोजित मुख्य समारोह में कलेक्टर रानी बाटड ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के साथ परेड की सलामी ली। समारोह में सांसद गणेश सिंह और विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### प्रदर्शन और उपलब्धियां: गौरवमयी पल

दोनों जिलों में आकर्षक परेड,पीटी प्रदर्शन और झांकियों के माध्यम से राष्ट्र की शक्ति और संस्कृति का प्रदर्शन किया गया। सतना में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने सभी 13 प्लाटूनों के कैडेट्स को सामूहिक प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

मैहर में विधायक कार्यालय में हुआ ध्वजारोहण,उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस अधिकारी सम्मानित

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस का उत्सव मैहर जिले में राष्ट्रभक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहाँ एक ओर विधायक कार्यालय में तिरंगा फहराकर संविधान के मूल्यों को याद किया गया,वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। मैहर विधायक कार्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सांसद गणेश सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। विधायक श्री कांत चतुर्वेदी द्वारा निर्धारित समय पर ध्वजारोहण किया गया। तिरंगा फहराने के पश्चात राष्ट्रगान हुआ और पूरा परिसर 'भारत माता की जय' के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने,नगरपालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी,भाजपा नेता कैलाश गौतम सहित भारी संख्या में जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कार्यालयों में ध्वजारोहण



मुख्य समारोह के अतिरिक्त,सतना कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन,अपने निवास,विंध्य क्लब और केंद्रीय सहकारी बैंक में भी ध्वजारोहण किया। कलेक्ट्रेट में राष्ट्रगान के पश्चात उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### प्रशासनिक सम्मान: कर्तव्यनिष्ठा के लिए मिला प्रशस्ति पत्र





गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के दौरान जिला कलेक्टर रानी बाटड और पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह द्वारा जिले के उन अधिकारियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएँ प्रदान की हैं।

#### सम्मानित होने वाले प्रमुख अधिकारी

नगर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह को कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और प्रशासनिक दक्षता के लिए सम्मानित। जितेंद्र पटेल तहसीलदार,मैहर राजस्व और प्रशासनिक कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। अनिमेष द्विवेदी थाना प्रभारी,मैहर को कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और पुलिसिंग में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कलेक्टर और एसपी द्वारा सम्मानित। अभिषेक सिंह परिहार बदेरा टीआई उत्कृष्ट पुलिस सेवा के लिए जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया।

#### सराहना और प्रेरणा

सम्मान समारोह के दौरान कलेक्टर रानी बाटड ने अधिकारियों के समर्पण की सराहना की। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि ऐसे सम्मान न केवल पुलिस और प्रशासन का मनोबल बढ़ाते हैं,बल्कि समाज में सुरक्षा और न्याय के प्रति विश्वास भी सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम का समापन मिष्ठान वितरण और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना के साथ हुआ।

### सांदीपनि विद्यालय रैगांव में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



**सतना।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय रैगांव में गणतंत्र दिवस मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती सोनम राहुल सिंह,प्राचार्य श्रीमती विनीता खरे,और विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य सुभाष चंद्र बुनकर की उपस्थिति में धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम प्रातः काल विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों ने गांव में प्रभात फेरी निकाली। फिर मुख्य अतिथि और प्राचार्य ने विद्यालय में झंडा रोहण किया। इसके पश्चात विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति पूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में गांव के अतिथि जनपद सदस्य शिवकुमार बुनकर,राहुल सिंह बघेल,रामकरण बुनकर,मदन सिंह बघेल,जीत लाल चौधरी आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### दो दिन, दो बड़े सम्मान: युवा समाजसेवी शिरीन खान ने बढ़ाया सतना का मान



**सतना।** युवा समाजसेवी शिरीन खान को उनके निस्वार्थ कार्यों के लिए लगातार दो दिनों में दो प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा गया। 25 जनवरी को 'सतना गौरव दिवस' पर प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने उन्हें सतना गौरव सम्मान प्रदान किया। अगले ही दिन 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में कलेक्टर और एसपी की मौजूदगी में उन्हें पुनः सम्मानित किया गया। अपनी पॉकेट मनी बचाकर नशामुक्ति और जरूरतमंदों की मदद करने वाली शिरीन ने सिद्ध कर दिया कि समाजसेवा के लिए संसाधनों से अधिक संकल्प की आवश्यकता होती है। आज वे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का प्रतीक बन चुकी हैं।

## बेकाबू बल्कर ने पिता-पुत्र को रौंदा, दोनों की दर्दनाक मौत; पुलिस की कार्यप्रणाली पर भड़के लोग

**सतना।** जिले के कृपालपुर क्षेत्र में सोमवार शाम एक भीषण सड़क हादसे ने सनसनी फैला दी। यहाँ एक तेज रफ्तार बल्कर ने मोटरसाइकिल सवार पिता-पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी,जिससे दोनों की मौके पर ही मौत होने की खबर है। इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

### हादसे का विवरण

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,पिता-पुत्र अपनी बाइक से जा रहे थे,तभी सामने से आ रहे अनियंत्रित बल्कर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों ने तड़पते हुए दम तोड़ दिया।

### पुलिस पर गंभीर आरोप

घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने पुलिस की संवेदनहीनता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि हादसे के बाद 112 नंबर पुलिस वाहन मौके पर पहुँची। पुलिस टीम घायलों की मदद करने के बजाय बल्कर ड्राइवर को सुरक्षित अपने साथ लेकर चली गई। आरोप है कि जब घायल सड़क पर तड़प रहे थे,तब उन्हें अस्पताल पहुँचाने के बजाय ड्राइवर को प्राथमिकता दी गई।

### क्षेत्र में तनाव की स्थिति

हादसे और पुलिस के इस व्यवहार से गुस्साए लोगों ने मौके पर हंगामा शुरू कर दिया। स्थानीय प्रशासन और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मामले की सूचना दी गई है। खबर लेकर जाने तक हंगामा चल रहा था।

## एकेएस विश्वविद्यालय में संविधान की भावना और सांस्कृतिक चेतना के साथ मनाया 77वां गणतंत्र दिवस



**सतना।** देश के 77वें गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2026) के अवसर पर एकेएस विश्वविद्यालय,सतना में राष्ट्रभक्ति,अनुशासन और सांस्कृतिक गरिमा से परिपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया। विश्व विद्यालय के कुलाधिपति बी.पी.सोनी के शुभकामना संदेश को सभी के लिए वाचन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रो.बी.ए.चोपड़े द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। उन्होंने परेड की सलामी ली। राष्ट्र ध्वज फहराते ही राष्ट्रगान की गूंज से समूचा परिसर देशप्रेम से ओत-प्रोत हो उठा। इस अवसर पर विश्व विद्यालय के प्रो-चांसलर अनंत कुमार सोनी,प्रतिकुलपति डॉ.हर्षवर्धन,प्रो.आर.एस.त्रिपाठी,डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ महेंद्र कुमार तिवारी,डीन अकादमिक डॉ.शेखर मिश्रा,प्रशासनिक अधिकारी बृजेंद्र कुमार सोनी,कैप्टन रावेंद्र सिंह परिहार,स्पोर्ट्स ऑफिसर सुनील पांडे सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, प्राध्यापक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### संस्कृत प्रस्तुतियों ने बांधा समां

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा संस्कृत भाषा में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। श्लोक-पाठ और भावपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक विरासत, संविधान और राष्ट्रप्रेम का प्रभावी संदेश दिया गया,जिसे उपस्थितजनों ने खूब सराहा।

## बस स्टैंड शिफ्टिंग पर रार: प्रशासन की सख्ती बनाम ऑपरेटरों की हड़ताल, राजनीति भी हुई तेज




**सतना। मुख्यमंत्री मोहन यादव की मंशा के अनुरूप सतना शहर को जाम मुक्त करने के लिए नए अंतरराज्यीय बस टर्मिनल में बसों की शिफ्टिंग का मुद्दा अब गरमा गया है। एक ओर प्रशासन पुराने बस स्टैंड के रास्ते बंद करने के लिए कड़े कदम उठा रहा है,वहीं दूसरी ओर बस ऑपरेटरों और स्थानीय व्यापारियों ने लामबंद होकर चक्का जाम और अनशन की चेतावनी दे दी है।**

प्रशासन का सख्त एक्शन,घेराबंदी शुरू

शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। निरीक्षण के बाद यह निर्णय लिया गया है कि फ्लाईओवर के नीचे लगेंगे पोल,पुराने बस स्टैंड में बसों के प्रवेश को पूरी तरह प्रतिबंधित करने के लिए फ्लाईओवर के दोनों ओर नीचे जाने वाले रास्तों पर पोल लगाए जाएंगे।

### रेलवे स्टेशन पर जाली

स्टेशन परिसर में बसों के अनधिकृत प्रवेश को रोकने के लिए प्रशासन ने जाली लगाने का काम शुरू कर दिया है। शहर में लगातार माइकिंग के जरिए ऑपरेटरों को नए आईएसबीटी पर शिफ्ट होने के निर्देश दिए जा रहे हैं।

### निजी स्वार्थ या वाजिब मांग? ऑपरेटरों का विरोध

मुख्यमंत्री द्वारा आईएसबीटी के लोकार्पण के एक महीने बाद भी व्यवस्था पटरी पर नहीं लौट पाई है। मुट्ठी भर बस ऑपरेटरों की मनमानी के कारण 4 लाख की आबादी जाम से जूझ रही है। हालांकि,ऑपरेटरों और दुकानदारों का तर्क है कि पूरी तरह शिफ्टिंग से उनका व्यापार प्रभावित होगा। विरोध स्वरूप बस ऑपरेटरों ने अब हड़ताल और चक्का जाम की धमकी दी है।




### सियासी अंतर्विरोध: अपनों ने ही अटकाया रोड़ा

इस पूरे विवाद में सबसे चौंकाने वाला पहलू भाजपा नेताओं का दोहरा रुख है। विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा अनशन स्थल पर पहुँच गए हैं,जिससे आंदोलन को राजनीतिक बल मिल रहा है। विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष,जो आईएसबीटी के उद्घाटन के समय मंच पर मौजूद थे,अब विधायक के साथ धरने का समर्थन कर रहे हैं। इसे मुख्यमंत्री की मंशा के विरुद्ध अपनों का ही अंतर्विरोध माना जा रहा है।

### आरटीओ की भूमिका अहम

विशेषज्ञों और आम जनता का मानना है कि यदि टैक्स और टाइमिंग को लेकर ऑपरेटरों की कोई जायज समस्या है,तो आरटीओ को तत्काल स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।लेकिन चंद लोगों के निजी हितों के लिए पूरे शहर की व्यवस्था को बंधक बनाना अनुचित है। प्रशासन को चाहिए कि वह कड़ाई से 'एक बस स्टैंड' का नियम लागू करे। विरोध करने वाले ऑपरेटरों को यह समझना होगा कि जनहित सर्वोपरि है।यदि वे नियमों का पालन नहीं करना चाहते,तो उन्हें अपने परमिट सरेंडर करने पर विचार करना चाहिए, ताकि शहर को जाम से मुक्ति मिल सके।

### मझगवां विकास की कछुआ चाल से जनता बेहाल, बस स्टैंड के शौचालय पर लटका ताला

**सतना।** मझगवां जनपद पंचायत मुख्यालय मझगवां में इन दिनों अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। निर्माण कार्यों की धीमी गति और अधिकारियों की उदासीनता के कारण स्थानीय जनता के साथ-साथ मुसाफिरों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क निर्माण का काम कछुआ चाल से चलने के कारण उड़ती धूल ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। ग्रामीण लगातार बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं,लेकिन ठेकेदार की निरंकुशता पर अंकुश लगाने वाला कोई नहीं है। बस स्टैंड स्थित एकमात्र सार्वजनिक शौचालय में महीनों से ताला लटका है। देश-विदेश से आने वाले यात्री इस अव्यवस्था को देखकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को कोस रहे हैं। बिना उचित योजना,पाइपलाइन और बिजली की व्यवस्था के सेप्टिक टैंक जैसे काम अत्यंत धीमी गति से किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि मजदूरों और मशीनों की संख्या बढ़ाकर सड़क निर्माण में तेजी लाई जाए और बस स्टैंड के शौचालय को तत्काल प्रभाव से चालू किया जाए।



## खबर संक्षेप



### अनाज सहित पिकअप चोरी का खुलासा

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र से अनाज सहित पिकअप वाहन चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी गई पिकअप वाहन एवं 60 बोरी बटरी बरामद की गई है, जिसकी कुल कीमत करीब 4 लाख 34 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी जितेन्द्र गुप्ता, निवासी वार्ड क्रमांक 01 अमानगंज ने थाना अमानगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 20 जनवरी की रात उनकी पिकअप वाहन क्रमांक डच 35 ळ। 1017 दुकान के सामने खड़ी थी, जिसमें 60 बोरी बटरी लदी हुई थी। अज्ञात चोर वाहन सहित अनाज चोरी कर ले गया। मामले में पुलिस ने अपराध क्रमांक 37/26 धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को चोरी गई पिकअप वाहन ग्राम बड़गढ़ी के पास लावारिस हालत में मिली, जिसे जप्त किया गया। पुलिस द्वारा मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए 26 जनवरी को गढ़ी पड़रिया मोड़ से संदेही वीरू उर्फ अनुज रघुवंशी, उम्र 22 वर्ष, निवासी देवेन्द्रनगर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात स्वीकार करते हुए अनाज को बेचने की नीयत से छिपाकर रखना बताया। आरोपी के बताए अनुसार पुलिस ने 60 बोरी बटरी बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रवि सिंह जादौन सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही। पुलिस टीम को पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की गई है।

### दुर्घटनाग्रस्त आदिवासी महिलाओं को जिला अस्पताल पहुंचाकर कराया इलाज



**पन्ना।** दक्षिण पन्ना वनमण्डल के कल्दा वन परिक्षेत्र अंतर्गत वन धन विकास केन्द्र से जुड़ी दो आदिवासी महिलाएं कल दिनांक 25 जनवरी 2026 की शाम सड़क दुर्घटना का शिकार हो गईं। यह दुर्घटना उनके ग्राम महुआडोल से लगभग 2 किलोमीटर पहले मार्ग पर एक बाइक की टक्कर से हुई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय वनकर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे। दुर्घटना में 53 वर्षीय बड़ी बाई एवं 39 वर्षीय मुन्नी बाई, दोनों निवासी ग्राम महुआडोल, घायल हो गईं। बड़ी बाई के बाएं पैर के टखने में गंभीर चोट आई, जबकि मुन्नी बाई के सिर में चोट लगी। प्रारंभिक उपचार 25 जनवरी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कल्दा में कराया गया। इसके पश्चात 26 जनवरी 2026 को मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए रेंज ऑफिसर परिवेश भदौरिया द्वारा दोनों घायल महिलाओं को अपने शासकीय वाहन से पन्ना जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जिला अस्पताल में एक्स रे जांच के उपरांत बड़ी बाई के बाएं पैर के टखने में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई, जिसके बाद तत्काल प्लास्टर किया गया तथा आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। वन विभाग द्वारा दोनों महिलाओं को प्रारंभिक सहायता स्वरूप तीन हजार रुपये की आर्थिक मदद भी प्रदान की गई। इस पूरे घटनाक्रम में स्थानीय वनकर्मी सूर्यप्रताप सिंह बघेल, बालकृष्ण शुक्ला, अरविंद गुप्ता, भीम सिंह, एवं वन धन केंद्र सचिव जग बहादुर गोंड द्वारा भी सक्रिय सहयोग किया गया। वन विभाग का यह प्रयास न केवल त्वरित राहत का उदाहरण है, बल्कि जनसेवा के प्रति वनकर्मियों की संवेदनशील सोच को भी दर्शाता है।

### कलेक्टर निवास पर हुआ ध्वजारोहण



**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने 77वें गणतंत्र दिवस के मौके पर 26 जनवरी को सुबह कलेक्टर निवास में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे सहित संबंधित कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर द्वारा उपस्थितजनों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

### वनरक्षक प्रेमनारायण वर्मा को प्रशस्ति पत्र

**न्ना।** 77वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के वन विभाग अंतर्गत दक्षिण पन्ना वनमण्डल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वनरक्षक को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार, पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह एवं कलेक्टर उषा परमार द्वारा प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

# प्रभारी मंत्री ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**पन्ना।**

राष्ट्रीय पर्व एवं देश का 77वां गणतंत्र दिवस समारोह सोमवार को पन्ना जिले में भी हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन पुलिस लाइन ग्राउण्ड पन्ना में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा पन्ना जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार ने सुबह 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। इस दौरान राष्ट्रगान की धुन बजाई गई और हर्ष फायर किया गया। ध्वजारोहण पश्चात प्रभारी मंत्री श्री परमार ने खुली जिप्सी में कलेक्टर ऊषा परमार एवं पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के साथ परेड का निरीक्षण किया। मुख्य अतिथि ने नागरिकों के नाम संबोधित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन कर आकाश में गुब्बारे छोड़े। राष्ट्रपति एवं सेना के सर्वोच्च कमांडर का जयघोष किया गया। समारोह में परेड की विभिन्न टुकड़ियों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद अतिथियों ने टोली नायकों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर प्रजातंत्र रक्षकों का सम्मान भी किया गया। गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न स्कूल के बच्चों ने देश भावना से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। अपार उत्साह के साथ बच्चों द्वारा बैण्ड की धुन पर सामूहिक पीटी







प्रदर्शन भी किया गया। गणतंत्र दिवस के मुख्य कार्यक्रम में शासकीय विभागों की अलग-अलग थीम पर केन्द्रित झांकियां भी आकर्षण का केन्द्र रहीं। कार्यक्रम उपरांत उत्कृष्ट परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं झांकी के लिए पुरस्कार वितरित किए गए। सशस्त्र परेड में जिला पुलिस बल पुरूष की टुकड़ी को प्रथम, जिला पुलिस बल एवं एसएएफ की टुकड़ी को द्वितीय और जिला पुलिस बल महिला की टुकड़ी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, जबकि गैर शस्त्र परेड सीनियर वर्ग में वन विभाग उत्तर वन मंडल की टुकड़ी को प्रथम, एनसीसी सीनियर डिवीजन छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना की टुकड़ी को द्वितीय और एनएसएस महिला दल की टुकड़ी को तीसरा स्थान मिला। निःशस्त्र परेड जूनियर वर्ग में शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय पन्ना के गाइड दल को प्रथम, शौर्या दल की टुकड़ी को द्वितीय तथा स्काउट दल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी तरह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के वरिष्ठ वर्ग में शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय पन्ना को प्रथम, नेशनल पब्लिक स्कूल पन्ना को द्वितीय एवं महारानी दुर्गा राजलक्ष्मी विद्यालय पन्ना को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, जबकि कनिष्ठ वर्ग में चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल पन्ना को प्रथम, रॉयल पब्लिक स्कूल पन्ना को द्वितीय एवं केन्द्रीय विद्यालय पन्ना को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

### आजीविका मिशन की झांकी को प्राप्त हुआ प्रथम स्थान

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग थीम पर आधारित आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन भी किया गया। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की झांकी को प्रथम, जिला पंचायत की झांकी को द्वितीय और महिला एवं बाल विकास विभाग की झांकी को तीसरा स्थान मिला। गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट कार्य तथा शासकीय दायित्वों के बेहतर निर्वहन के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर खेल प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले तीन खिलाड़ियों का भी सम्मान हुआ। कार्यक्रम में खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक पन्ना बृजेन्द्र प्रताप सिंह सहित जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय एवं अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर ऊषा परमार, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू व अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण, गणमान्य नागरिक और पत्रकारगण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रमोद अवस्थी एवं डॉ. कल्पना शर्मा द्वारा किया गया।

## गणतंत्र दिवस पर जेके सीमेंट को तीन प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा गया







**अमानगंज।**

देश के 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जेके सीमेंट पन्ना को सामाजिक उत्तरदायित्व, खेल प्रोत्साहन, जनजातीय कल्याण एवं नगर सौंदर्यीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए तीन प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित किया गया। ये सम्मान जेके सीमेंट पन्ना द्वारा क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में किए जा रहे सतत एवं प्रभावी प्रयासों की सशक्त पुष्टि करते हैं।

### खेल प्रोत्साहन के लिए प्रशस्ति पत्र

खेलों के विकास एवं युवाओं को प्रोत्साहित करने में उल्लेखनीय योगदान के लिए मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार, सांसद विष्णु दत्त शर्मा, पन्ना विधायक बृजेंद्र सिंह तथा जिला कलेक्टर श्रीमती उषा परमार द्वारा जेके सीमेंट को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जेके सीमेंट पन्ना द्वारा खेल अधोसंरचना, प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने तथा स्थानीय स्तर पर खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिन्हें इस अवसर पर सराहा गया।

### जनजातीय समुदायों के लिए आजीविका एवं स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान

जिला वन अधिकारी श्री अनुपम शर्मा द्वारा जेके सीमेंट पन्ना की सीएसआर टीम को जनजातीय समुदायों के लिए आजीविका संवर्धन कार्यक्रमों तथा स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। कंपनी द्वारा रोजगार सृजन, कौशल विकास, स्वास्थ्य जागरूकता एवं चिकित्सा सहायता जैसे क्षेत्रों में किए गए कार्यों ने स्थानीय समुदायों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### अमानगंज नगर सौंदर्यीकरण हेतु सम्मान-

अमानगंज नगर परिषद द्वारा नगर के सौंदर्यीकरण एवं स्वच्छ, सुव्यवस्थित शहरी वातावरण के निर्माण में सहयोग के लिए जेके सीमेंट पन्ना की सीएसआर टीम को प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। इन प्रयासों से नगर की दृश्यात्मक सुंदरता के साथ-साथ नागरिकों के लिए बेहतर सार्वजनिक सुविधाओं का विकास संभव हुआ है। जेके सीमेंट पन्ना प्रबंधन ने इन सम्मानों के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कंपनी भविष्य में भी सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, पर्यावरण संरक्षण एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्रों में निरंतर योगदान देती रहेगी। ये सम्मान कंपनी को समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक सशक्त करने की प्रेरणा प्रदान करते हैं।



## अमानगंज में हर्षोल्लास से मना 77वां गणतंत्र दिवस, तिरंगे की शान में गूंजा नगर

**अमानगंज।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर अमानगंज नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में देशभक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। शासकीय व अशासकीय कार्यालयों, विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और राष्ट्रगान के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। वहीं अमानगंज के फील्ड ग्राउंड में सोमवार सुबह 9रू30 बजे मुख्य समारोह का आयोजन किया गया समारोहों में विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विशेष रूप से पहलगाम में हुए आतंकी हमले एवं उसके पश्चात भारतीय सेना द्वारा लिए गए बदले की झांकी व नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया और देशभक्ति की भावना को और प्रबल किया। कार्यक्रम में द्वापर, सतयुग, त्रेता एवं कलयुग का जीवंत वर्णन करती भगवान की आकर्षक झांकी भी प्रस्तुत की गई, जो समारोह का मुख्य आकर्षण रही। झांकी को देखने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक ने जनता को संबोधित करते हुए गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नगर का सर्वांगीण विकास उनकी पहली प्राथमिकता है और इसके लिए नगर परिषद निरंतर कार्य कर रही है। समारोहों में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी एवं नागरिकों की बड़ी भागीदारी रही, जिससे पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।



## कन्याएं अपनाये नैतिक मूल्य, बहनजी आंतरिक शक्तियों का करें विकास, बहनजी

**पन्ना।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष में ब्रह्माकुमारी विद्यालय पन्ना की ओर से मनहर कन्या उच्चतम माध्यमिक विद्यालय पन्ना में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, बहनजी ने सभी बच्चों को समझाते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन सबसे अच्छा जीवन है हमें अपना जीवन मूल्यों से सजाना होगा,अपने जीवन को नैतिक मूल्य जैसे इमानदारी,आज्ञाकारी, अनुशासन आत्मविश्वास,सत्यता आदि से मूल्यवान बनाना होगा आंतरिक शक्तियों का विकास करना होगा जीवन में दो सौंदर्य होते हैं एक आंतरिक और दूसरा बाहरी है हमें अपने जीवन को आंतरिक सौंदर्य से सजाना है, आगे आपने समझाते हुए कहा की सुबह जल्दी उठना बच्चों को मेडिटेशन ध्यान का कराया अभ्यास एवं मूल्यों को जीवन मे धारण करने की कराई प्रतिज्ञा कार्यक्रम में अमिता तिवारी, नवीन साहू एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

## आन बान शान से लहराया तिरंगा गरिमा पूर्ण तरीके से मनाया गया 77 वां गणतंत्र दिवस

**पवई**

पवई नगर सहित आँचलिक क्षेत्रों मे 77 वां गणतंत्र दिवस गरिमा पूर्ण तरीके से मनाया गया। प्रत्येक शासकीय अशासकीय संस्थानों, मुख्यालयों में ध्वजारोहण किया गया। पवई नगर में भी गणतंत्र दिवस की धूम रही। तहसील कार्यालय, न्यायालय, एसडीओपी कार्यालय, उप जेल, जनपद पंचायत, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अरण्य भवन में कार्यालय प्रमुखों के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। साथ ही नगर के व्यापारिक केंद्र झंडा बाजार में डॉक्टर रमेश बेहरे के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। नगर परिषद पवई में नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत के द्वारा किया गया, तत्पश्चात सामूहिक ध्वजारोहण का मुख्य कार्यक्रम महाराजा छत्रसाल मैदान में आयोजित हुआ,जहां जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोहनी आनंद मिश्रा द्वारा राष्ट्रध्वज को सलामी देते हुए ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद परेड की सलामी ली तत्पश्चात कारगिल शहीद बालेंद्र सिंह जी की पत्नी



श्रीमति राधा सिंह जी का सम्मान हुआ,इसके बाद नगर के विद्यालयों से आए हुए नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की देशभक्ति पूर्ण गीतों पर प्रस्तुतियां दी गई। जिसके बाद प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आए हुए वरिष्ठ एवं कनिष्ठ विद्यालयों को पुरस्कार दिए गए। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी, कर्मचारी शिक्षकों इत्यादि को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री दीपेंद्र सिंह , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पुष्पेंद्र पटेल मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया एसडीएम समीक्षा जैन एसडीओपी श्रीमती भावना सिंह दांगी, तहसीलदार त्रिलोक सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अखिलेश उपाध्याय, सहायक संचालक नम्रता जैन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनीत नगायच, वन परिक्षेत्र अधिकारी नीतेश पटेल,थाना प्रभारी सुशील अहिरवार, परियोजना अधिकारी डीसी अहिरवार सहित अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, नगर के गणमान्य नागरिक सहित पत्रकार गण मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन वेदनारायण अवस्थी एवं रघुवीर तिवारी के द्वारा किया गया।

## कलेक्टर ने ली टीएल बैठक, दिए निर्देश



**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली और विभागीय अधिकारियों को विभिन्न प्रकरणों पर तत्परतापूर्वक समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संबंध में समस्त विभागों को प्रत्येक सप्ताह प्रभावी कार्यवाही तथा आवश्यक मामलों में वरिष्ठ कार्यालय को समय पूर्व पत्राचार एवं मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया गया। जिला कलेक्टर ने प्रत्येक माह की 15 तारीख तक अनिवार्यतः अधिकतम प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही नॉट अटेंड शिकायत की स्थिति पर अविलंब निर्धारित जुर्माना राशि जमा कराने तथा निरंतर लापरवाही की स्थिति में विभाग के प्रमुख सचिव को कार्यवाही का प्रस्ताव भेजने की चेतावनी भी दी। इस अवसर पर जिला संयोजक को वनाधिकार संबंधी मामलों के निराकरण के लिए विकासखण्डवार बैठक के आयोजन, सेवानिवृत्त लोकसेवकों के लंबित स्वत्वों के निराकरण के लिए समक्ष में बुलाकर समय पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने, आकांक्षी ब्लॉक अजयगढ़ में प्राथमिकता के साथ विभागीय योजना व गतिविधियों के क्रियान्वयन सहित पाइपलाइन मरम्मत और लीकेज सुधार तथा शहर के बायपास से अविलंब कचरा हटवाने एवं साप्ताहिक रविवारीय सब्जी मॉर्केट में अवैध रूप से अतिक्रमण के मामलों पर नियमित रूप से सख्त कार्यवाही के निर्देश भी दिए गए।

कलेक्टर श्रीमती परमार ने कहा कि विभिन्न निर्माण कार्य स्थल पर संबंधित विभाग द्वारा निर्माण कार्य संबंधी बोर्ड और संपर्क नंबर प्रदर्शित करने संबंधी पूर्व में जारी आदेश का पालन सुनिश्चित करवाया जाए। निर्माण कार्य स्थल पर निरीक्षण पुस्तिका भी रखें। समस्त जनपद पंचायत सीईओ को ग्राम पंचायतों में एसडीएम एवं तहसीलदार से समन्वय कर खेल मैदान एवं श्मशान घाट के प्रस्ताव प्रस्तुत करने, जल जीवन मिशन अंतर्गत खोदी गई सड़कों के ठेकेदार द्वारा तत्काल मरम्मत करवाने तथा पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संचालित अभियान अंतर्गत टीकाकरण एवं अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करने तथा जागरूकता शिविर के आयोजन और आकांक्षी ब्लॉक में संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत समयावधि में विभाग स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी सहित अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित थे।



## ग्रीन इंडिया मिशन के तहत कौशल से सशक्तिकरण की उड़ान, गणतंत्र दिवस पर ग्रामीण युवतियों ने दिखाई आत्मनिर्भरता की झलक

**पन्ना।** दक्षिण पन्ना वनमण्डल में ग्रीन इंडिया मिशन के अंतर्गत आजीविका संवर्धन के उद्देश्य से विभिन्न प्रशिक्षण संस्थाओं के माध्यम से कौशल विकास से जुड़ी कई प्रशिक्षण गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य स्थानीय ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इसी क्रम में कैरियर प्वाइंट संस्था द्वारा मोहन्द्रा रेंज में स्थानीय ग्रामीण युवतियों के लिए सैंपलिंग टेलर एवं ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जबकि शाहनगर रेंज में सेल्फ एम्प्लॉयड टेलर प्रशिक्षण कोर्स प्रचलित है। इन प्रशिक्षणों के माध्यम से प्रतिभागियों को व्यवहारिक कौशल प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे भविष्य में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर कैरियर प्वाइंट रोहनिया शाहनगर जिला पन्ना केंद्र में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर "कौशल हुनर है, वन संपदा है" के प्रेरक उदघोष के साथ सभी परीक्षार्थियों एवं कोऑर्डिनेटर्स की उपस्थिति में नगर रैली भी निकाली गई। साथ ही, कैरियर प्वाइंट मोहन्द्रा केंद्र में रेंज ऑफिसर राहुल मिश्रा की उपस्थिति में ध्वजारोहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को विशेष रूप से आकर्षक बनाने में ब्यूटी थेरेपिस्ट बैच की प्रशिक्षार्थियों द्वारा भारत माता की सजीव प्रस्तुति तथा सिलाई प्रशिक्षणार्थियों द्वारा स्वयं तैयार किए गए राष्ट्रीय ध्वज ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

कार्यालय शास.उ.मा.वि.कमताना जिला पन्ना म.प्र.
77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डी.के.सिंह
प्राचार्य
सौ.- समस्त स्टाफ शा.उ.मा.विद्यालय कमताना

कार्यालय प्राथमिक कृषि साख सह.समिति कमताना जिला पन्ना म.प्र.
77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सत्यनारायण पयासी
समिति प्रबंधक
सौ.- समिति कमताना

ग्राम पंचायत मगरपुरा जपं पवई की ओर से
77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती कविता सिंह
रामकृपाल सिंह राठौर सचिव
वीरन सिंह यादव (सहायक सचिव)
सौ.- सरपंच एवं पंचगण ग्राम पंचायत मगरपुरा

खबर संक्षेप

## मीना शांत ताम्रकार बनीं ताम्रकार समाज की महिला अध्यक्ष



**छतरपुर।** ताम्रकार समाज छतरपुर की महिला इकाई के अध्यक्ष पद के लिए सोमवार को श्री रामचरितमानस तुलसी भवन में मतदान एवं चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। संरक्षक मंडल के सदस्य रामस्वरूप ताम्रकार, शांत ताम्रकार तथा कैलाश बाबू ताम्रकार के संरक्षण में तथा ताम्रकार समाज के अध्यक्ष संतोष कुमार ताम्रकार की अध्यक्षता में यह चुनाव आयोजित किया गया। युवा अध्यक्ष आनंद ओमप्रकाश ताम्रकार भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन युवा महामंत्री आनंद ताम्रकार ने कुशलतापूर्वक किया। समाज की सभी मातृ शक्तियों ने उत्साहपूर्वक मतदान में भाग लिया। मतगणना के पश्चात श्रीमती मीना शांत ताम्रकार को भारी मतों से महिला अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। साथ ही गुंजा ताम्रकार को महिला महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया। नवनिर्वाचित महिला अध्यक्ष श्रीमती मीना शांत ताम्रकार ने सभी सदस्यों, मतदाताओं एवं समाज के पदाधिकारियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज की सभी मातृ शक्तियों को नई दिशा, नई ऊर्जा प्रदान करने तथा ताम्रकार समाज को संगठित रूप से आगे बढ़ाने के लिए पूर्ण सहयोग एवं उत्साह के साथ कार्य करेंगी।

## शासकीय स्कूल में कॅरियर मेला एवं करियर काउंसलिंग का आयोजन

**बकस्वाहा।** शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बकस्वाहा, जिला छतरपुर (मध्यप्रदेश) में आज विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए करियर मेला एवं करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य पवन राय के सानिध्य में संपन्न हुआ।इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को विभिन्न शैक्षणिक, तकनीकी एवं व्यावसायिक करियर विकल्पों की जानकारी प्रदान कर सही करियर चयन के लिए मार्गदर्शन देना रहा। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा के अवसरों, तकनीकी पाठ्यक्रमों एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुनील केवट नायब तहसीलदार, रचित तामृकार ग्रामीण बैंक एवं अनुराग बिल्थरे इंजीनियर, प्रोजेक्ट मैनेजर - यूएई उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन कृष्ण कुमार दुबे द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के हेडमास्टर रूप सिंह लोधी, भागुन सिंह लोधी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

विगत 6 वर्षों से बुजुर्ग महिला लगा रही चक्कर

# निर्मित भवन की मशीन से जांच करवाने की मांग

छतरपुर। मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान एक बुजुर्ग महिला ने अपनी जमीन और मकान के मुआवजे से जुड़ी समस्या को लेकर भावुक होकर आत्महत्या की चेतावनी दे दी। मामला ग्राम हमा का है, जहां रहने वाली उर्मिला गुप्ता पत्नी स्व. जगदीश शुक्ला जनसुनवाई में आवेदन लेकर पहुंचीं और अपनी पीड़ा सामने रखी।



आवेदन में महिला ने बताया कि खसरा नंबर 950 में उनका मकान बना हुआ है, लेकिन एनएच-34 व 35 के अवार्ड में उनका मुआवजा गलत तरीके से खसरा नंबर 951 में दिखा दिया गया है। इस गलती के कारण उन्हें करीब 8 लाख 94 हजार 230 रुपये का नुकसान हुआ है। महिला का कहना है कि मशीन से पुनः जांच कराई जाए ताकि सही खसरा नंबर में उनके भवन को दर्ज कर उचित मुआवजा दिया जा सके।उर्मिला गुप्ता ने अधिकारियों से गुहार लगाते हुए कहा कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो वे बेघर हो जाएंगी, जिससे उनका जीवन संकट में पड़ जाएगा। जनसुनवाई में मौजूद अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम को जांच के निर्देश दिए और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। घटना के बाद जनसुनवाई में कुछ देर के लिए माहौल भी तनावपूर्ण हो गया।




## बैंकों में एक दिवसीय हड़तालः कर्मचारी मांग रहे हैं 5 दिवसीय कार्य सप्ताह

**छतरपुर।** भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी संघ छतरपुर इकाई के क्षेत्रीय सचिव कपिल वर्मा ने बताया कि बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों की यूनियनों ने मुख्य मांग - बैंकिंग क्षेत्र में 5 दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने और शेष शनिवारों को बैंक अवकाश घोषित करने के लिए आज देशव्यापी हड़ताल की है। हड़ताल 26 जनवरी की मध्यरात्रि से शुरू होकर 27 जनवरी की मध्यरात्रि तक चलेगी।
कपिल वर्मा ने कहा, 2015 में वेतन संशोधन के दौरान दूसरे और चौथे शनिवार की छुट्टी मिल गई थी, लेकिन 2020 से हम लगातार मांग कर रहे हैं कि सभी शनिवार छुट्टी हों। अन्य सभी विभागों में 5 कार्य दिवस हैं, बैंक कर्मचारियों को भी यही मिलना चाहिए। 2022 के समझौते में भी यह मांग शामिल थी। हमने पहले एक दिवसीय हड़ताल की थी, लेकिन मांग पूरी न होने पर आज यह कदम उठाना पड़ा। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस और ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन सहित 9 प्रमुख यूनियनों ने 8 जनवरी और 6 जनवरी 2026 के पत्रों के माध्यम से हड़ताल की सूचना दी थी। मुख्य मांगें इस प्रकार हैं बैंकिंग उद्योग में 5 दिवसीय कार्य सप्ताह का कार्यान्वयन और बाकी शनिवारों को बैंक अवकाश घोषित करना। विनियमित कार्य घंटे। कर्मचारियों को पीएलआई जारी करने में तेजी। पेंशन का अद्यतन। निजी क्षेत्र के बैंकों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अनुग्रह राशि का भुगतान। आईबीए द्वारा अवशिष्ट मुद्दों का उनके लिखित अनुबंधों के अनुसार समाधान। यूनियनों ने आईडीबीआई बैंक, तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में विनिवेश और भारतीय वित्तीय प्रणाली के विदेशीकरण का भी विरोध किया है।

## छतरपुर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर सम्पन्न, 325 मरीजों की जांच, 105 ऑपरेशन हेतु चित्रकूट रवाना

**छतरपुर।** नेत्र रोगियों को रोशनी प्रदान करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। यह उद्गार गुजरात से पधारे परम पूज्य संत नवल किशोर दास जी महाराज ने हनुमान टोरिया मंदिर परिसर में आयोजित निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए।हनुमान टोरिया सेवा समिति के तत्वावधान में 26 जनवरी को एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर स्वर्गीय लक्ष्मी प्रसाद रावत की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रेम रावत तथा परिवार के रमेश रावत, रम्मू रावत, पंकज रावत, मनोज रावत, विनोद रावत सहित समस्त परिजनों के सहयोग से आयोजित किया गया।शिविर का शुभारंभ संत नवल किशोर दास जी महाराज के करकमलों द्वारा हनुमान जी के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर महाराज श्री ने आयोजन की सराहना करते हुए रावत परिवार को साधुवाद दिया तथा भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्य निरंतर करते रहने की प्रेरणा प्रदान की।हनुमान टोरिया सेवा समिति के गिरजा पाटकर ने जानकारी देते हुए बताया कि सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट से आए नेत्र



विशेषज्ञ डॉ. अरविंद मिश्रा एवं डॉ. प्रदीप मिश्रा सहित 10 सदस्यीय चिकित्सकीय दल द्वारा कुल 325 नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया। इनमें से 105 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चिन्हित कर चित्रकूट भेजा गया, जबकि अन्य मरीजों को आवश्यक दवाइयां एवं चश्मों का निःशुल्क वितरण किया गया। इस जनसेवी आयोजन में हरि प्रकाश अग्रवाल, लालजी पाटकर,प्रभा वैध, राजेंद्र खरे, गिरजा पाटकर, एस.पी. श्रीवास्तव, एम.एल. विश्वकर्मा, लखन सोनी, रिंकू द्विवेदी शिवम गुप्ता, संतोष ताम्रकार, प्रदुम गुप्ता, संतोष नामदेव, पप्पू माली, आशीष शर्मा, नारायण मिश्रा, डी.सी. पाठक, मद्दू नेता, मयंक नामदेव, हर्ष रैकवार, राज बर्मा सहित हनुमान टोरिया सेवा समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## शिक्षा और सुरक्षा व्यवस्था सुधार की मांग, भीम आर्मी ने दिया ज्ञापन

**छतरपुर।** मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे भीम आर्मी भारत एकता मिशन के नगर अध्यक्ष अखिलेश अनुरागी के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका छतरपुर पहुंचकर 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता नगर पालिका परिसर में एकत्र हुए और नगर की समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से भीम आर्मी ने नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत संचालित शासकीय विद्यालयों व छात्रावासों की बदहाल व्यवस्थाओं पर ध्यान आकृष्ट कराया। संगठन ने मांग की कि



विद्यालयों में बच्चों के बैठने के लिए पर्याप्त फर्नीचर की व्यवस्था की जाए तथा पीने के साफ पानी के लिए वाटर कूलर लगाए जाएं, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर न पड़े।इसके साथ ही छात्रावासों के क्षतिग्रस्त दरवाजों को हटाकर नए दरवाजे लगाए जाने, विद्यालय परिसरों में पड़े मलबे को हटाने तथा डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल बोर्ड उपलब्ध कराने की मांग की गई।ज्ञापन में नगर की सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशियों को गौशालाओं में भेजने की भी मांग की गई, जिससे आए दिन हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लग सके। भीम आर्मी ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

## मारपीट मामले में हल्की धाराएं लगाने का आरोप, पीड़ित ने एसपी से की शिकायत



**छतरपुर।** सिटी कोतवाली थाना पुलिस पर एफआईआर में सही तथ्य दर्ज न करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक छतरपुर से शिकायत की है। बसारी दरवाजा निवासी जगत सिंह घोप ने एसपी को दिए आवेदन में बताया कि 21 जनवरी 2026 को उन्होंने मारपीट की मौखिक रिपोर्ट थाना सिटी कोतवाली में दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस ने उनकी पूरी बात एफआईआर में शामिल नहीं की। आवेदक के अनुसार रमाकांत तिवारी, नकुल तिवारी, आर्यन तिवारी सहित अन्य आरोपियों ने घर में घुसकर लाठी-डंडे और हसिया जैसे हथियारों से हमला किया, जान से मारने की नीयत से गला दबाया और गंभीर धमकियां दीं। इस दौरान मोहल्ले के लोगों के पहुंचने पर उनकी जान बच सकी। पीड़ित का आरोप है कि इस घटना में शामिल सुधा तिवारी का नाम भी एफआईआर में नहीं जोड़ा गया, जबकि सीसीटीवी फुटेज और वीडियो सबूत पुलिस को दिखाए गए थे।जगत सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों द्वारा उन्हें और उनके परिवार को लगातार धमकियां दी जा रही हैं, लेकिन पुलिस ने मामूली धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को खुला छोड़ दिया, जिससे उनके हौसले बढ़ गए हैं। पीड़ित ने पेन ड्राइव में वीडियो फुटेज और रिपोर्ट की एसपी से मांग की है कि मामले में निष्पक्ष जांच कर बीएनएस की कड़ी धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जाए तथा सभी आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

पद्मश्री प्रहलाद टिपानिया के कबीर गायन ने किया मंत्रमुग्ध

## विरासत के मंच पर आज होगी आदि अनंत नृत्य नाटिका

**छतरपुर।** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज एवं जिला प्रशासन छतरपुर के संयुक्त तत्वावधान में शहर के ऑडिटोरियम में विरासत कला उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन निरंतर 2 फरवरी तक चलेगा। इस आयोजन के पहले दिन पद्मश्री प्रहलाद टिपानिया ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने लगभग दो घंटे की प्रस्तुति में कबीर को लोगों के दिलों तक पहुंचा दिया।आयोजन की शुरूआत कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने दीप प्रज्वलित कर की। इस मौके पर एसपी अगम जैन, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, सीएमओ माधुरी शर्मा, समाजसेवी विपिन अवस्थी, शंकर सोनी, अवनीन्द्र खरे, अंशुमान सहित



गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज की प्रतिनिधि हिमानी रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि विरासत कला उत्सव के आयोजन की परिकल्पना केन्द्र के निदेशक श्री सुदेश शर्मा द्वारा की गई है और इस आयोजन की श्रृंखला में छतरपुर में यह पहला आयोजन रखा गया है, जिसमें कबीर गायन, नृत्य नाटिका, नाट्य मंचन, लोकनृत्य, पण्डवानी और सूफी गायन तथा कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के स्थानीय संयोजक शिवेन्द्र शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम दिवस के आयोजन में पद्मश्री प्रहलाद टिपानिया ने कबीर के मशहूर भजन प्रस्तुत किए। दर्शकों के समक्ष उनकी व्याख्या के साथ मालवा निमाण की शैली में प्रस्तुत गायिकी ने एक अलग माहौल बना दिया, जिसका दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के समापन पर प्रहलाद टिपानिया को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नीरज खरे ने किया।

## नौगांव थाना परिसर में पुलिस-राजस्व संयुक्त शिविर का आयोजन

**नौगांव।** पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन के निर्देशन एवं सराहनीय पहल पर मंगलवार को नौगांव थाना परिसर में पुलिस एवं राजस्व विभाग के संयुक्त विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की राजस्व एवं भूमि विवाद संबंधी समस्याओं का त्वरित एवं मौके पर निराकरण करना था।शिविर दोपहर 2 बजे के बाद शुरू हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों, किसानों एवं आम नागरिकों ने अपनी समस्याएं लेकर पहुंचकर लाभ उठाया। शिविर में तहसीलदार रमेश कोल, नायब तहसीलदार राजपूत, नौगांव एसडीओपी अमित मेश्राम तथा थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 25 आवेदनों का मौके पर ही दोनों पक्षों को





बुलाकर आपसी सहमति से निराकरण कर दिया गया। 10 आवेदनों को जांच हेतु लिया गया, जबकि शेष आवेदनों पर संबंधित विभागों द्वारा आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि पुलिस थानों में राजस्व एवं भूमि विवाद से जुड़े मामले बड़ी संख्या में आते हैं, जिनका समाधान राजस्व अधिकारियों की मौजूदगी में ही संभव होता है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में ऐसे संयुक्त शिविर आयोजित करने से दोनों पक्षों को बुलाकर समस्याओं का शांतिपूर्ण एवं त्वरित निपटारा संभव हो पाता है। तहसीलदार रमेश कोल ने कहा कि जिन 25 मामलों का निराकरण हुआ, उनमें दोनों पक्षों को मौके पर ही बुलाकर समस्या का समाधान किया गया। उन्होंने इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से आम नागरिकों को काफी राहत मिलती है, साथ ही उनका समय एवं धन दोनों की बचत होती है।शिविर में शामिल किसानों एवं नागरिकों ने पुलिस एवं प्रशासन की इस पहल की खुलकर सराहना की। उन्होंने इसे शासन एवं पुलिस प्रशासन की जन-कल्याणकारी एवं सराहनीय पहल करार दिया तथा कहा कि भूमि एवं राजस्व संबंधी मामलों में इस तरह के शिविरों से उन्हें बहुत सहूलियत हुई है।

## सांसद धवाड़ में जी राम जी बिल जन चोपाल में पहुंचे, मनरेगा से बेहतर बताकर किए बड़े दावे



**छतरपुर। खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के सांसद विष्णु दत्त शर्मा राजनगर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत धवाड़ में आयोजित जी राम जी बिल से संबंधित जन चोपाल में शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जी राम जी बिल (विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण) पूर्व की मनरेगा योजना से कहीं बेहतर, अधिक पारदर्शी और प्रभावी है।**
सांसद शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस बिल में किए गए सुधारों का जिक्र करते हुए कहा कि गरीब किसानों और मजदूरों के हित में कई महत्वपूर्ण बदलाव लाए गए हैं, जिनसे उन्हें सीधा और अधिक लाभ मिलेगा। उन्होंने बिल को ग्रामीण रोजगार गारंटी को मजबूत बनाने वाला बताया, जिसमें मनरेगा के 100 दिनों की जगह अब 125 दिनों का रोजगार सुनिश्चित किया गया है, साथ ही भुगतान में तेजी और पारदर्शिता बढ़ाई गई है।
ग्राम पंचायत धवाड़ के सचिव संजय मिश्रा ने कार्यक्रम में ग्राम में खेल मैदान और हायर सेकेंडरी स्कूल की आवश्यकता बताई। इस पर सांसद शर्मा ने तत्काल आश्वासन देते हुए कहा कि दोनों मांगों को जल्द पूरा किया जाएगा।विधायक अरविंद पटेरिया ने धवाड़ ग्राम पंचायत को पूरे विधानसभा बल्कि प्रदेश के लिए आदर्श बताया। उन्होंने कहा कि यह एक-दो दिन की उपलब्धि नहीं, बल्कि वर्षों की लगन और मेहनत का परिणाम है। विधायक ने ग्राम पंचायत सचिव संजय मिश्रा की सराहना की और कहा कि उनकी मेहनत से ही धवाड़ आज इतनी सुंदर और आदर्श पंचायत बन पाई है। पटेरिया ने घोषणा की कि धवाड़ की तर्ज पर पूरे विधानसभा की ग्राम पंचायतों को विकसित किया जाएगा। विधायक ने सांसद वी.डी. शर्मा की लगातार क्षेत्र भ्रमण और विकास कार्यों में सक्रियता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि खजुराहो में रेल कनेक्टिविटी, एयर कनेक्टिविटी, केन-बेतवा लिंक परियोजना सहित अन्य प्रमुख विकास कार्य सांसद की मेहनत और लगन का नतीजा हैं। ऐसे कार्य आज क्षेत्र में हो रहे हैं जो पहले कभी नहीं हुए और लोगों की कल्पना से भी परे हैं।कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम, ग्राम सरपंच मिथिलेश पाठक, जनपद उपाध्यक्ष एवं बमीठा मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र अवस्थी, खजुराहो मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह बघेल, जिला पंचायत सदस्य पप्पू पाल, पुष्पेंद्र सिंह (कुटिया), रामेश्वर अहिरवार, बृज गोपाल अवस्थी, श्रीकांत मिश्रा, नरेंद्र पटेल, रविंद्र पाठक, दीपक अग्निहोत्री सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सुनील कुमार पांडे ने किया।

ज्ञापन फाड़कर जताया आक्रोश, कलेक्टर परिसर में तनाव का माहौल

## यूजीसी कानून के विरोध में सवर्ण समाज का जोरदार प्रदर्शन



**छतरपुर।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए कानून के खिलाफ स्वर्ण समाज ने मंगलवार शाम छतरपुर शहर में भारी विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी यूजीसी के प्रस्तावित नियमों को उच्च शिक्षा में सामान्य वर्ग के छात्रों के खिलाफ काला कानून करार देते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग कर रहे हैं।प्रदर्शन शाम करीब 4 बजे स्टेडियम परिसर से शुरू हुआ और डाकखाना चौराहे तक पहुंचा। यहां प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद वे चौबे तिराहे चौराहे पर पहुंचे और सड़क पर बैठकर विरोध जताया, जिससे कुछ समय के लिए शहर में यातायात प्रभावित रहा। छात्र नेताओं ने यूजीसी कानून को उच्च शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने वाला और छात्रों की आवाज दबाने वाला बताया। उनका आरोप है कि यह नियम जातिगत भेदभाव रोकने के नाम पर सामान्य वर्ग के छात्रों के साथ अन्याय करेगा और झूठे आरोपों से बचाव के पर्याप्त प्रावधान नहीं हैं। भारी संख्या में छात्रों ने इस आंदोलन में हिस्सा लिया, जिससे युवाओं में गहरा आक्रोश दिखाई दिया।प्रदर्शनकारी बाद में कलेक्टर परिसर पहुंचे, जहां वे पुतला दहन करने की योजना बना रहे थे, लेकिन प्रशासन ने अनुमति नहीं दी। इससे नाराज छात्र नेताओं ने ज्ञापन पढ़ते हुए उसी समय उसे फाड़ दिया और प्रदर्शन समाप्त कर दिया। इस दौरान प्रशासन और केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी हुई। कलेक्टर परिसर के बाहर कुछ देर तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा, हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस बल ने स्थिति को संभाल लिया और किसी अप्रिय घटना को टाल दिया। छात्रसंघ और कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि यूजीसी कानून वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में कांग्रेस नेत्री दीप्ति पांडे, सचिन राजा चौहान सहित कई छात्र और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### नगर परिषद नईगढ़ी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की गरिमामय उपस्थित में77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

रीवा। गणतंत्र दिवस समारोह नगर परिषद की अध्यक्ष नागिता गुप्ता, उपाध्यक्ष विभा शर्मा के मुख्य आतिथ्य में नगर परिषद कार्यालय में प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रगान तथा मध्यप्रदेश गान के सामूहिक गायन के साथ हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न हुआ। गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रगान, मध्यप्रदेश गान के उपरात प्रधानमंत्री के संदेश का वाचन मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। नगर परिषद नईगढ़ी की नवनियुक्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री पूजा द्विवेदी के कुशल निर्देशन में नगरीय निकाय के सब इंजीनियर जितेंद्र श्रीवास्तव, सीओ रावेंद्र पाण्डेय, के नेतृत्व में निकाय क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। कार्यक्रम मे निकाय के जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ समाजसेवियों व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ सफलता पूर्वक संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्षा श्रीमती नागिता गुप्ता, उपाध्यक्षा श्रीमती विभा शर्मा, समाजसेवी बृजेन्द्र गुप्ता, आर डी शर्मा, राजरमन पटेल, समयलाल, मिठाई लाल, रोशन लाल, छविलाल प्रजापति, भरत पटेल, रामपाल सिंह के साथ निकाय क्षेत्र के नागरिक व पार्षदगणों की उपस्थिति रही।

### कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर बाल विवाह मुक्ति रथ को किया रवाना

रीवा। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जिला प्रशासन रीवा द्वारा "बाल विवाह मुक्त भारत" के 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत गहन जागरूकता एवं हस्तक्षेप के उद्देश्य से "बाल विवाह मुक्ति रथ" को कलेक्टर प्रतिभा पाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई के विरुद्ध जनजागरूकता फैलाएगा।इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह, अपर कलेक्टर, कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कर्मचारी, अहिंसा वेलफेयर सोसायटी के समन्वयक सुमित सिंह, चक्रपाणि मिश्र, आरती पटेल सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।रथ के माध्यम से बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों एवं बच्चों के अधिकारों की जानकारी दी जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि बाल विवाह की रोकथाम केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### गणतंत्र दिवस पर 9 बंदी हुए रिहा, अच्छे आचरण के कारण 9 बंदियों को मिली सजा में छूट

रीवा। केन्द्रीय जेल से गणतंत्र दिवस पर 9 बंदियों को रिहा किया गया। अच्छे आचरण के कारण इन बंदियों को सजा में छूट का लाभ दिया गया। जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा पर इन बंदियों को छूट का लाभ देकर रिहा किया गया। इस संबंध में जेल अधीक्षक एसके उपाध्याय ने बताया कि सभी बंदियों के परिजनों को इस संबंध में समय पर सूचना दे दी गई थी। गणतंत्र दिवस पर सभी रिहा बंदी अपने परिजनों के साथ प्रसन्न होकर घर गए। गणतंत्र दिवस पर रिहा होने वाले बंदियों में इंदौर जिले के चंदननगर निवासी शाहिद पिता सनब्बर, शहडोल जिले के ग्राम बटुरा निवासी दिनेश पिता लल्ला वासुदेव तथा रीवा जिले के ग्राम हरदिहा निवासी तरूणेन्द्र पिता लोलर द्विवेदी शामिल हैं। अनूपपुर जिले के ग्राम हनुमना निवासी हरीलाल पिता छोटेलाल विश्वकर्मा तथा ग्राम धनगवां निवासी लीलाधर पिता रामपाल कुशवाहा तथा ग्राम खोड़री निवासी राहुल पिता रामकृपाल केवट को भी रिहा किया गया। सिंगरौली जिले के ग्राम हट्टा निवासी प्रेम सिंह पिता अजमेर सिंह, ग्राम कुंडैनिया निवासी सुरेन्द्र पिता बंधू यादव तथा ग्राम चरगोड़ा निवासी जियालाल पिता रामसुभग साकेत शामिल हैं।

### सावी मदर इंटरनेशनल स्कूल में गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन

रीवा। सावी मदर इंटरनेशनल स्कूल, आजाद नगर में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास, अनुशासन एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य परेड एवं पी.टी. प्रदर्शन से हुई, जिसने उपस्थित जनसमूह में जोश और उत्साह भर दिया।इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, नाटक, रोल प्ले, योगासन, गायन एवं भाषण जैसी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। विद्यालय की प्रत्येक कक्षा ने अपनी-अपनी अनोखी एवं रचनात्मक प्रस्तुति देकर आयोजन को विविधता, संस्कृति और रचनात्मकता का सुंदर संगम बना दिया।

प्रभारी मंत्री ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी, गणतंत्र दिवस समारोह पूरे जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया

# गणतंत्र दिवस में आन-बान शान से लहराया तिरंगा







रीवा।

जिले भर में गणतंत्र दिवस समारोह परम्परागत हर्ष, उल्लास से मनाया गया। पूरे जिले में आन बान शान से तिरंगा लहराया। मुख्य समारोह एस.ए. एफ. मैदान रीवा में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल मंत्री ग्रामीण विकास विभाग एवं श्रम ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इसके बाद मुख्य अतिथि ने प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का वाचन किया। मुख्य समारोह के साथ-साथ जिले के सभी कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में भी ध्वजारोहण किया गया। सभी नगर पंचायतों, जनपद पंचायतों तथा ग्राम पंचायतों में समारोह पूर्वक गणतंत्र दिवस मनाया गया। जिला स्तरीय समारोह में आकषर्क परेड प्रस्तुत की गई। परेड कमाण्डर प्रशिक्षु आईपीएस राजीव अग्रवाल के नेतृत्व में जिला पुलिस बल, महिला पुलिस, एनसीसी, जेल, एसएएफ, स्काउट गाइड, सैनिक स्कूल के दल तथा नगर सेना ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की। इसके बाद मुख्य अतिथि ने रंग बिरंगे गुब्बारे आकाश की अनंत ऊचांईयों को छूने के लिए मुक्त किये। उन्होंने परेड कमांडरों व प्लाटून कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों को उनके पास जाकर शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया। समारोह में उमादत्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुरूकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा ज्ञानस्थली सीनियर सेकण्डरी स्कूल के बच्चों ने मनोहारी नृत्य और गीत प्रस्तुत किए। इनके माध्यम से जिले और प्रदेश में विकास के कार्यों, उपलब्धियों, सांस्कृतिक विरासत, सेना के शौर्य, ऑपरेशन सिंदूर, बसामन मामा में प्राकृतिक खेती प्रकल्प और ऐतिहासिक धरोहरों को प्रदर्शित किया गया। समारोह में स्वयंसेवी संस्था फेस आर्गनाईजेशन ने ह्दयाघात होने पर प्राथमिक उपचार देकर प्राण बचाने का आकर्षक प्रस्तुतिकरण किया।आकर्षक झांकियों के माध्यम से शासन की योजनाओं को किया गया प्रदर्शित किया समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियों के माध्यम से शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों को प्रदर्शित किया गया। ग्रामीण विकास विभाग की झांकी में ड्रोन दीदी, प्रधानमंत्री आवास तथा एक बगिया माँ के नाम दिखाई गईं। नगर निगम की झांकी में स्वच्छता अभियान, ईव्ही से कचरा संग्रहण तथा जल शोधन संयंत्र को दिखाया गया। उद्योग विभाग की झांकी में इन्वेस्टर्स समिट, महिला एवं बाल विकास की झांकी में गर्भ से गौरव तक महिला सशक्तिकरण को प्रदर्शित किया गया। पीएचई विभाग की झांकी में जलजीवन मिशन से स्वच्छ जल आपूर्ति को दर्शाया गया। पशुपालन विभाग की झांकी में क्षीरधारा तथा कामधेनु योजना को दिखाया गया। जेल विभाग की आकर्षक झांकी में गीता भवन, तथा बंदियों के कल्याण को दर्शाया गया। उद्यानिकी विभाग की झांकी में फूलों की खेती, ट्राईबल विभाग की झांकी में धरती आबा अभियान तथा शिक्षा विभाग की झांकी में राम मंदिर में विग्रह स्थापना को प्रदर्शित किया गया। कृषि विभाग की झांकी में प्राकृतिक खेती तथा पुलिस विभाग की झांकी में यातायात सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा को प्रदर्शित किया गया।उत्कृष्ट कार्य करने वालों हुए पुरस्कृत समारोह का समापन पुरस्कार वितरण से हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री ने विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया। परेड में प्रथम स्थान पुलिस ट्रेनिंग सेंटर, दूसरा स्थान जिला पुलिस बल महिला तथा तीसरा स्थान विशेष सशस्त्र बल नवीं वाहनी को प्राप्त हुआ। बिना शस्त्र की परेड में प्रथम स्थान सीनियर गर्ल्स एनसीसी दल टीआरएस कालेज, दूसरा स्थान एनसीसी गर्ल्स सीनियर तथा तीसरा स्थान एनसीसी बालक टीआरएस कालेज को प्राप्त हुआ। समारोह में परेड में शामिल स्काउट गाइड को प्रथम, रेडक्रास बालिका को द्वितीय तथा स्काउट दल रीवा को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। परेड में शामिल सैनिक स्कूल के दल में जल सेना प्रथम, थल सेना को द्वितीय तथा वायु सेना को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। समारोह में प्रदर्शित झांकियों में प्रथम स्थान केन्द्रीय जेल रीवा, दूसरा स्थान शिक्षा विभाग तथा संयुक्त रूप से तीसरा स्थान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा ट्राईबल विभाग की झांकी को प्राप्त हुआ। गणतंत्र दिवस समारोह में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पहला स्थान गुरूकुल स्कूल को प्राप्त हुआ। उमादत्त उमावि को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में तीसरा स्थान ज्ञानस्थली सीनियर सेकण्डरी स्कूल रीवा को प्राप्त हुआ। समारोह में निर्वाचन कार्य, सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, राजस्व प्रकरणों के निराकरण तथा विभागीय कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।



### प्रभारी मंत्री ने बच्चों के साथ किया विशेष मध्यान्ह भोजन

रीवा। जिले भर में गणतंत्र दिवस समारोह परम्परागत हर्ष, उल्लास से मनाया गया। पूरे जिले में आन बान शान से तिरंगा लहराया। मुख्य समारोह एस.ए. एफ. मैदान रीवा में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल मंत्री ग्रामीण विकास विभाग एवं श्रम ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। समारोह के बाद गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रभारी मंत्री पटेल शा. उमावि बदरावं में आयोजित विशेष मध्यान्ह भोजन में शामिल हुये। उन्होंने बच्चों के साथ विशेष मध्यान्ह भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दी। प्रभारी मंत्री ने विद्यालय परिसर में पौधा रोपित करके पौधारोपण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, डॉ अजय सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी रामराज मिश्रा, शिक्षकगण तथा विद्यार्थी शामिल हुए।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में 99 आवेदकों की समस्यायें सुनी



'रीवा। प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने 99 आवेदकों की समस्यायें सुनीं। कलेक्ट्रेट में प्राप्त आवेदनों को कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर समाधानकारक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कलेक्टर को सुमेदा निवासी दीपक सिंह बगैरह ने ड्रोन सर्वे के उपरांत आबादी क्षेत्र के कुछ घरों को छोड़कर नक्शा तरमीम की कार्यवाही का आवेदन दिया जिसे तहसीलदार हुजूर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। रमाकांत तिवारी पड़री के सीमांकन को निरस्त करने, रामचन्द्र कुशवाहा लोरी नं. 3 के शासकीय भूमि से रास्ता दिलाये जाने तथा द्वारिका प्रसाद भुजवा के सीमांकन कराने के आवेदनों पर संबंधित तहसीलदारों को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार पहाड़ी निवासी शिवकुमार विश्वकर्मा के अनाधिकृत सड़क निर्माण पर रोक लगाने, बेनी पुर्वा के संगीता द्वारा सीमांकन कराने तथा रकरिया निवासी राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा एवं प्रेमशंकर मिश्रा के खसरे से बंधक के तौर पर दर्ज बैंक का नाम हटाये जाने के आवेदन पर कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को कार्यवाही करने के निर्देश दिया।जनसुनवाई के दौरान जगन्नाथ सिंह बहिवार के कब्जे की भूमि के अतिक्रमण हटाने के आवेदन पर तहसीलदार सिरमौर को गढ़ निवासी द्वारिका प्रसाद शुक्ला के सीमांकन के आवेदन पर तहसीलदार मनगवां को, धोवखरा निवासी रमेश मिश्रा के नकल प्रदाय करने के आवेदन पर अभिलेखगार को तथा बोदाबाग निवासी सिमावती साकेत के गरीबी रेखा में नाम जोड़ने के आवेदन पर एसडीएम हुजूर को आवश्यक कार्यवाही के लिये कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया। इस दौरान ललई प्रसाद साकेत महत (तेंदुन) ने इलाज के लिये आयुष्मान कार्ड बनाये जाने का आवेदन दिया कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।

न्यायालयीन आदेश के बावजूद जमीन हथियाना के लिए प्रशासन पर दबाव बना रहा है सेन परिवार

## कलेक्टर परिसर में धरना: लोही भूमि विवाद पर दो पक्ष आमने-सामने

रीवा।

जिले के ग्राम लोही में वर्षों पुराने भूमि विवाद को लेकर कलेक्टर परिसर, रीवा में 5 जनवरी से धरना-प्रदर्शन जारी है। यह धरना रामनाथ सेन एवं उनके परिजनों द्वारा किया जा रहा है, जिसमें उन्होंने अपने कथित मकान को अवैध रूप से गिराए जाने का आरोप लगाते हुए संबंधित व्यक्तियों, पुलिस व राजस्व अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अब मामले में दूसरे पक्ष की ओर से भी विस्तृत तथ्य सामने आए हैं। ग्राम लोही निवासी वरुण मिश्रा ने प्रशासन के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर धरने में लगाए जा रहे आरोपों को निराधार बताते हुए पूरे मामले की न्यायालयीन पृष्ठभूमि स्पष्ट की है,वरुण मिश्रा द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार ग्राम लोही स्थित खसरा नंबर 341, रकबा 0.19 हेक्टेयर भूमि के एक हिस्से (25×30 वर्गफुट) को लेकर उनके पिता स्वर्गीय अरुण मिश्रा द्वारा रामनाथ सेन, रामभाऊ सेन, वृजभान सेन एवं सुग्रीव सेन के विरुद्ध सिविल न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया गया था। प्रकरण में प्रारंभिक स्तर पर सिविल न्यायालय द्वारा वाद निरस्त कर दिया गया था, जिसके विरुद्ध अपर जिला न्यायाधीश, रीवा के समक्ष अपील क्रमांक 20/06 प्रस्तुत की गई। इस अपील में दिनांक 19 जुलाई 2006 को न्यायालय द्वारा निर्णय पारित करते हुए अपील स्वीकार की गई। उक्त निर्णय के विरुद्ध सेन परिवार द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में भी अपील प्रस्तुत की गई थी, जिसे खारिज कर दिया गया। इसके साथ ही अपील प्रकरण क्रमांक 20/06 में पारित निर्णय एवं डिक्री अंतिम रूप से प्रभावशील हो गई। न्यायालय के आदेश के अनुपालन हेतु प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, रीवा के समक्ष इजराय प्रकरण क्रमांक 1400264/2007 प्रस्तुत किया गया। इस दौरान वादी अरुण मिश्रा के निधन के पश्चात उनके वैधानिक उत्तराधिकारी के रूप में वरुण मिश्रा एवं उनकी माता पुष्पा मिश्रा को पक्षकार बनाया गया। आवेदन के अनुसार, इजराय प्रकरण की कार्यवाही के दौरान सेन परिवार द्वारा न्यायालयीन आदेश के तहत 25×30 वर्गफुट भूमि का कब्जा 25 नवंबर 2025 को मौके पर जाकर सौंप दिया गया। कब्जा सौंपे जाने के बाद न्यायालय द्वारा इजराय प्रकरण समाप्त कर दिया गया। बता दे मामले में एक ओर धरना-प्रदर्शन कर रहे सेन परिवार द्वारा न्याय की मांग की जा रही है, वहीं दूसरी ओर वरुण मिश्रा पक्ष द्वारा न्यायालयीन आदेशों का हवाला देते हुए धरने को अनुचित बताया है। कार्य में बाधा और धमकी का आरोपवरुण मिश्रा ने आरोप लगाया है कि कब्जा प्राप्त होने के पश्चात 16 दिसंबर 2025 को जब वे भूमि पर जर्जर संरचना हटाकर समतलीकरण कर रहे थे, उसी दौरान रामनाथ सेन द्वारा कार्य में बाधा उत्पन्न की गई। आरोप है कि इस दौरान गाली-गलौज की गई तथा जान से मारने की धमकी भी दी गई। धरने के माध्यम से बदनाम करने का आरोपपरिवार सदस्य अखिलेश मिश्रा (सबलू) बताया कि सेन परिवार द्वारा कलेक्टर परिसर में किए जा रहे धरने तथा सोशल मीडिया पर लगाए जा रहे आरोपों से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को गंभीर क्षति पहुंच रही है। वरुण मिश्रा का कहना है कि उन्हें एवं उनके परिजनों को भूमाफिया और दबंग के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जबकि पूरा मामला न्यायालय द्वारा पहले ही तय किया जा चुका है।बआरोप है कि धरना-प्रदर्शन के दौरान लगाए गए बैनर एवं प्रचार सामग्री में भ्रामक और तथ्यहीन आरोप लगाए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य दबाव बनाना और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना है। वही वरुण मिश्रा ने प्रशासन से मांग की है कि सोशल मीडिया एवं सार्वजनिक मंचों पर लगाए जा रहे आरोपों पर संज्ञान लिया जाए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से उनके परिवार की सुरक्षा पर भी खतरा उत्पन्न हो सकता है। किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में इसकी जिम्मेदारी सेन परिवार एवं उनके समर्थकों की होगी।

## भारत पर्व में राष्ट्र प्रेम की कविताओं की रही गूंज, भारत पर्व में आयोजित कवि सम्मेलन में गूंजे देश प्रेम के स्वर



रीवा।

गणतंत्र दिवस की संध्या पर नगर निगम टाउनहाल रीवा में भारत पर्व का आयोजन किया गया। भारत पर्व में संस्कृति विभाग के स्वराज संस्थान द्वारा तैनात कवियों ने देशप्रेम से ओत-प्रोत कविताएं सुनाई। कवि सम्मेलन का शुभारंभ अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने किया। माँ सरस्वती की वंदना के साथ कवि सम्मेलन आरंभ हुआ। कवि सम्मेलन का संचालन करते हुए वरिष्ठ कवि सुरेश श्रीवास्तव सौरभ ने गणतंत्र दिवस के महत्व तथा देश की आजादी के लिए प्राणों का बलिदान करने वाले वीरों को याद करते हुए कवि सम्मेलन शुरू किया। कवि सम्मेलन में सबसे पहले कटनी से आईं कवयित्री मधु जैन माधवी ने माँ सरस्वती की वंदना और माँ शारदा का नमन किया। उन्होंने तीन रंग की ओढ़ चुनरिया, तेरा ध्वज लहराए कविता के साथ माँ भारती की वंदना की। उन्होंने मनवीणा की स्वर लहरी में जन-गण-मन का वास रहे गीत से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कवि सम्मेलन में कटनी से पधारे कवि सानूराज बेखौफ ने माता-पिता को समर्पित कविता सुनाई। कवि सम्मेलन में पन्ना जिले के पवई से पधारे कवि रघुवीर तिवारी योगी ने हिमालय है सुशोभित जिसका मुकुट बन, रत्नाकर जिसके चरण पखारता पंक्तियों के साथ देश वंदना की। उन्होंने अपनी कविता के माध्यम से विन्ध्य की माटी, सफेद बाघों की भूमि और विन्ध्य के जलप्रपातों का सुंदर चित्रण किया। श्री योगी ने गौ हत्या रोकने के लिए मार्मिक कविता प्रस्तुत की। कवि सम्मेलन में नवोदित कवयित्री तथा नगर निगम में कार्यरत अपूर्वा चतुर्वेदी ने आकर्षक ढंग से मधुर स्वर में हम तोड़ के सब धाराएं, ध्वज अंबर तक लहराएं गीत प्रस्तुत किया। कवि सम्मेलन में विन्ध्य माटी के कवि रामकृष्ण द्विवेदी ने रोचक अंदाज में व्यंग्य बाणों से सजी कविता सुनाई। उन्होंने प्रयागराज के माघ स्नान का बघेली कविता से चित्रण करके श्रोताओं की तालियाँ बटोरी। श्री द्विवेदी ने माँ-बाप की दुख-दर्द की साथी हैं बेटियाँ गीत के माध्यम स परिवार में बेटियों के महत्व और महिला सशक्तिकरण के आयामों का आविर्भाव किया। कवि सम्मेलन के अंत में संचालन कर रहे कवि सुरेश सौरभ ने राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत कविताएं और मुक्तक सुनाए। उन्होंने गीतों में श्रृंगार नहीं अंगार चाहिए पंक्तियों के साथ काव्य पाठ की शुरूआत की। उन्होंने कविताओं के माध्यम से वीर जवानों के बलिदान, देश की प्रगति राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रप्रेम की सुगंध बिखेरी। कवि सम्मेलन के समापन पर जिला प्रशासन और नगर निगम की ओर से सभी कवियों को शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। टाउन हाल में जनसंपर्क विभाग द्वारा चित्र प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं, कार्यक्रमों और विकास कार्यों को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने इसका लाभ उठाया।

## जिले में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया जिला स्तरीय समारोह में कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण

मऊगंज

जिले में गणतंत्र दिवस समारोह उल्लास से मनाया गया। पूरे जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिले भर में गणतंत्र दिवस की धूम रही। जिला स्तरीय समारोह कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय कुमार जैन ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इसके बाद मुख्य अतिथि ने प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का वाचन किया। मुख्य समारोह के साथ-साथ जिले के सभी कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में भी ध्वजारोहण किया गया। सभी नगर पंचायतों, जनपद पंचायतों तथा ग्राम पंचायतों में समारोह पूर्वक गणतंत्र दिवस मनाया गया। समारोह में आकषर्क परेड प्रस्तुत की गई। परेड कमाण्डर के नेतृत्व में विभिन्न दलों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की। परेड में एसएएफ, जिला पुलिस बल, होमगार्ड, जिला पुलिस बल महिला, सीनियर एनसीसी, जूनियर एनसीसी, स्काउट एण्ड गाइड, रेडक्रास एवं एनएसएस के दल शामिल रहे। परेड के बाद मुख्य अतिथि ने सभी परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद मुख्य अतिथ ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा वीर नारियों को शॉल-श्रीफल देकर उनका सम्मान किया। समारोह में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियों के माध्यम से जिले और प्रदेश में विकास को प्रदर्शित किया गया। पुरस्कार वितरणः- गणतंत्र दिवस समारोह का समापन पुरस्कार वितरण से हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर ने विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया। सशस्त्र परेड में प्रथम स्थान जिला पुलिस बल, दूसरा स्थान विशेष सशस्त्र बल 25वीं वाहिनी तथा तीसरा स्थान जिला महिला पुलिस बल को प्राप्त हुआ। बिना शस्त्र के परेड में एनसीसी जूनियर को प्रथम, एनसीसी जूनियर दूसरा तथा तीसरा स्थान स्काउट बालक को प्राप्त हुआ। समारोह में आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा शासन की योजनाओं को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित कार्यक्रमों में जीवन ज्योति स्कूल नईगढ़ी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बिरसा मुण्डा इंटरनेशनल स्कूल देवतालाब को दूसरा तथा एमजी पब्लिक स्कूल मऊगंज को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। झांकियों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को प्रथम, जनजातीय कार्य विभाग को दूसरा तथा तीसरा स्थान महिला एवं बाल विकास विभाग को प्राप्त हुआ। समारोह में जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र मिश्रा, जनपद अध्यक्ष मऊगंज नीलम सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष मऊगंज बृजवासी पटेल, पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, अपर कलेक्टर पी.के. पाण्डेय, जनप्रतिनिधिगण, पत्रकारगण, गणमान्य नागरिक, प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

